# गोपाल तुम्हे गैया बुलाती है | By Sunil Sarvottam

आ जाओ गोपाला आ जाओ
आ जाओ गोपाला आ जाओ

फिर आ जाओ गोपाल
तुम्हे गइयाँ बुलाती हैं
अब हाल हुआ बेहाल
तुम्हे गइयाँ बुलाती हैं

जब समय हो खाने चारे का
हमें छोड़ सड़क पर आते हैं
जब समय हो दूध निकालने का
हमें घेर घेर कर लाते हैं
अब काया भई कंकाल
तुम्हे गइयाँ बुलाती हैं

आ जाओ गोपाला आ जाओ
आ जाओ गोपाला आ जाओ

कोई रोटी हमें खिलाता है
और माता हमको कहता है
कोई रोटी से हमें खाता है
और हमको खाना कहता है
अब तू ही हमें सम्भाल
तुम्हे गइयाँ बुलाती हैं

आजा गउअन के रखवाले
अब तो गौ वंश को बचा ले
अब आखिरी आस बची तुमसे
अब आ भी जा बंसी वाले
कर जा तू हमें निहाल
तुम्हे गइयाँ बुलाती हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%80/